अपने व्यापारिक हितों को तिलांजलि देकर देश की आजादी के लिए मारवाड़ी व्यापारियों ने 1857 की क्रांति से ही जो सक्रियता दिखाई वह हमारे इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। नाना साहब पेशवा, तांत्या टोपे तथा अन्य क्रांतिकारियों की उन्होंने मदद की, जिसका सिलसिला आजादी तक जारी रहा। इस दौरान कई मारवाड़ी फांसी पर लटका दिए गए तथा कइयों ने कारावास का कठोर दंड भोगा। उन्होंने महात्मा गांधी एवं राष्ट्रीय नेताओं के इशारे पर अपनी धन–सम्पदा की थैलियों के मुंह खोल दिए। आजादी के लिए किए गए उनके प्रयासों का पहली बार इस पुस्तक में ऐतिहासिक और प्रामाणिक अध्ययन किया गया है। लेखक ने मारवाड़ियों के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य पर एक सटीक दृष्टि डाली है।







उल्लेखनीय समीक्षाएं व प्रतिक्रियाएं

डॉ. डी. के. टकनेत ने मारवाड़ी समाज के अतीत और वर्तमान को इस पुस्तक में प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करने की कोशिश की है। उनके इस लेखन में शोध की दीप्ति दिखाई पड़ती है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

डॉ. शंकर दयाल शर्मा, उपराष्ट्रपति, भारत गणतंत्र।

अब तक प्राप्य विविध प्रकार की जानकारी को लेखक ने अपने वर्षों के परिश्रम से सुव्यवस्थित कालक्रम में प्रस्तुत कर इस ग्रंथ को प्रामाणिक, पठनीय और संग्रहणीय बना दिया है। पुस्तक की उपादेयता को देखते हुए निश्चित रूप से इसका विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद होना चाहिए।

प्रभु चावला, वरिष्ठ सम्पादक, इंडिया टुडे, नई दिल्ली।

इस पुस्तक में मारवाड़ी समाज के औद्योगिक कृतित्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। मारवाड़ी व्यापारियों की सफलता के कारणों का वैज्ञानिक ढ़ंग से शोधपूर्ण अध्ययन काफी उपयोगी है। आर्थिक इतिहास की दिशा में यह महत्त्वपूर्ण पुस्तक है, जिसमें सामग्री का चयन काफी सूझबूझ से किया गया है।

आबिद हुसैन, सदस्य, योजना आयोग, नई दिल्ली।

मारवाड़ी समाज की पुरानी बहियों, परवानों व अन्य प्राथमिक सामग्री के आधार पर तैयार की गई यह शोधपरक पुस्तक व्यापारिक जातियों के इतिहास में भी उल्लेखनीय ग्रंथ है। तथ्यों की गहरी छानबीन से पुस्तक बहुत अधिक उपयोगी बन गई है।

डॉ. ए. एम. खुसरो, सुविख्यात अर्थशास्त्री, नई दिल्ली।

डॉ. डी. के. टकनेत ने मौलिक ग्रंथों के अध्ययन और कठोर परिश्रम से इस पुस्तक को तैयार किया है। उन्होंने मारवाड़ियों के केवल व्यावसायिक योगदान पर ही नहीं बल्कि कई अन्य विषयों पर भी लिखा है। विशेषतौर से स्वतंत्रता आंदोलन में मारवाड़ियों के योगदान पर नई जानकारी पहली बार विस्तृत रूप से सामने आई है। पुस्तक की उपादेयता मोहक चित्रों, तालिकाओं, पाद–टिप्पणियों एवं परिशिष्टों से और भी बढ़ गई है। श्री टकनेत का यह प्रयास सराहनीय है।

राजेन्द्र माथुर, प्रधान सम्पादक, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली।

डॉ. टकनेत ने क्रमबद्ध तरीके से मारवाड़ी समाज की आर्थिक प्रगति के साथ–साथ उसके कारणों की भी विशद् व्याख्या की है।...यह पुस्तक शोध की नई दिशाओं की ओर इंगित करती है।

हितेन भाया, प्रमुख प्रबंधशास्त्री व सदस्य, योजना आयोग, नई दिल्ली।

पुस्तक 'मारवाड़ी समाज' को एक दिन में ही पूरी पढ़ गया। यह मेरे लिए भी ताज्जुब की बात है...जिस तरह से यह किताब लिखी गयी, सभी दृष्टि से मुझे अच्छी और उपयुक्त लगी। आवश्यक सभी विषयों का चयन एवं चर्चा इसमें हो गई।...सचाई का भी ख्याल रखा गया है और अतिशयोक्ति करने से भी बच पाये हैं। यह अपने आप में बड़ी सिद्धि है।

रामकृष्ण बजाज, सुप्रसिद्ध उद्योगपति, मुम्बई।

ऐतिहासिक लेखन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण इस पुस्तक में मारवाड़ियों के सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक इतिहास को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है। मारवाड़ी समाज के पूर्ण इतिहास के संबंध में यह एक नूतन एवं समग्र प्रयास है। लेखक की पैनी दृष्टि इस समाज के जिस किसी भी पक्ष के निरूपण की ओर घूमी है, उसका बारीकी से विश्लेषण किया गया है। डॉ. टकनेत ने अनेक विद्वानों के महत्त्वपूर्ण ग्रंथों के उद्धरणों से अपने कथन की परिपुष्टि की है, जो लेखक के गंभीर अध्ययन एवं परिश्रम का पारिचायक है।

हरि नारायण निगम, सम्पादक, दैनिक हिन्दुस्तान, नई दिल्ली।

वास्तव में मारवाड़ी समाज के पूर्ण इतिहास के संबंध में इस प्रकार की कृति की आवश्यकता बहुत समय से थी। इस अभाव की पूर्ति डॉ. डी. के. टकनेत ने अपने पुष्ट लेकिन सहज–सुबोध लेखन से की है। पुस्तक प्रामाणिक होने के साथ ही प्रेरक भी है, जिसमें मारवाड़ी समाज से संबंधित काफी सारगर्भित विषय सामग्री है जो पूर्व में उपलब्ध नहीं थी।

संतोष बागड़ोदिया, राज्य सभा सदस्य।

व्यापारिक जातियों के इतिहास पर कम ही काम हुआ है। मारवाड़ी जगत के आर्थिक अभ्युदय पर कुछ काम जरूर हुआ है किन्तु वह प्रशंसा मूलक होने से प्रभाव नहीं छोड़ सका जो ऐसी कृति से अपेक्षित रहता है। इस शोध अध्ययन के जरिए मारवाड़ी समाज के इतिहास के संबंध में समन्वित दृष्टिकोण अपनाकर इस कमी को पूर्ण करने का प्रयास किया गया है।...मारवाड़ी समाज ही नहीं बल्कि भारत के आर्थिक अभ्युदय में रुचि रखने वालों को यह कृति महत्त्वपूर्ण लगेगी।...कृति पठनीय एवं उपयोगी है।

राजस्थान पत्रिका, जयपुर।

मारवाड़ी समाज के आगे बढ़ने के कारणों का पता लगाने के लिए अनेक सामाजिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भों में देखना जरूरी है। इस दिशा में डॉ. डी. के. टकनेत ने एक महत्त्वपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया है। जिससे मारवाड़ियों के अतीत और वर्तमान के बारे में व्यापक जानकारी ही नहीं मिलती, बल्कि लेखक ने उनके भविष्य पर भी नजर डाली है।

दैनिक जनसत्ता, नई दिल्ली।

इस किताब में जिस विस्तार के साथ मारवाड़ी समाज के इतिहास, उनके मूल राजस्थानी इलाकों, उनके प्रवास, काम करने की शैली, परदेस में उनकी व्यावसायिक उपलब्धियों, आजादी के आंदोलन में उनके योगदान और मारवाड़ी समाज की भीतरी कमजोरियों का वर्णन किया गया है, वह इसे एक अव्वल दर्जे के संदर्भ ग्रंथ में रखने के लिए काफी है।...यह आर्थिक –व्यावसायिक इतिहास का एक अच्छा नमूना है।...यह किताब न केवल शोधकर्मियों और मारवाड़ी समाज के बारे में जानने के इच्छुक लोगों के लिए एक उपयोगी ग्रंथ है बल्कि युवा मारवाड़ी पीढ़ी के लिए भी एक नए आत्मविश्वास का स्रोत सिद्ध हो सकती है।

विजय क्रान्ति, वरिष्ठ पत्रकार, नई दिल्ली।

पुस्तक की छपाई अच्छी है। कुल मिलाकर एक संग्रहणीय तथा समाज के प्रति आपके समर्पण का चिरस्मरणीय शोध ग्रंथ है। इसके लेखन के लिए सारा समाज आपका ऋणी रहेगा।

वीरेन्द्र जालान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, गुवाहाटी।

मारवाड़ी समाज और
ब्रजमोहन बिड़ला

आइएसबीएन : 81–85878–00–5
प्रथम संस्करण : 1993, द्वितीय संस्करण : 1994, तृतीय संस्करण : 1995, चतुर्थ संस्करण : 2000,
पंचम संस्करण : 2004, षष्ठम संस्करण : 2010, सप्तम संस्करण : 2012,
अष्ठम संस्करण : 2015, नवम् संस्करण : 2018, दशम् संस्करण : 2021
पृष्ठ संख्या : बारह+260, रंगीन चित्र पृष्ठ : बारह, श्वेत–श्याम, चित्र पृष्ठ : बारह



उद्योग–धंधों में क्रांति मचा देने वाले मारवाड़ी समाज ने देश के सामाजिक तथा आर्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जीवन के विविध क्षेत्रों में गौरवपूर्ण उपलब्धियों के साथ–साथ जनकल्याण की प्रबल आकांक्षा से ओतप्रोत इस समाज ने संपूर्ण राष्ट्र के विकास एवं खुशहाली को एक नई गति दी। इतिहास के सुनहरे पन्नों पर इसके बलिदान, साहस, सेवा, सूझबूझ, अध्यवसाय, मितव्ययिता, दूरदर्शिता एवं श्रम की सजीव कहानी बिखरी पड़ी है। इस पुस्तक में मारवाड़ी समाज के इसी बहुआयामी योगदान का संक्षिप्त लेकिन रोचक ढंग से उल्लेख किया गया है।

मानवता के इतिहास में सदैव ऐसे पुरुष जन्म लेते हैं जो अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बल पर न केवल समकालीन समाज को बल्कि देश की भावी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। बी एम के नाम से लोकप्रिय ब्रजमोहन बिड़ला देश के एक ऐसे ही सपूत थे, जिनकी समृद्ध भारत के निर्माण के प्रति सदैव प्रतिबद्धता बनी रही। उन्होंने देश की आजादी के लिए राष्ट्रीय नेताओं एवं क्रांतिकारियों की भरपूर मदद की। साथ ही पहली बार, कई नए उद्योगों का सूत्रपात कर अनेक उत्साही उद्यमियों को करोड़पति बनाया। अपने दूरदर्शी रचनात्मक विचारों और अनूठी व्यावसायिक संस्कृति के कारण उनकी आर्थिक युगदृष्टा के रूप में समूचे देश में ख्याति फैली। नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. विलियम फाउलर ने बी. एम. बिड़ला की तुलना अमरीका के तृतीय राष्ट्रपति टॉमस जैफरसन से की। इस पुस्तक में मारवाड़ी समाज तथा बिड़ला परिवार के इतिहास के साथ बी. एम. बिड़ला के बहुआयामी योगदान को क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

उल्लेखनीय समीक्षाएं व प्रतिक्रियाएं

डॉ. टकनेत ने प्रस्तुत पुस्तक में शोधपूर्ण अध्ययन तथा रोचक शैली द्वारा श्री ब्रजमोहन बिड़ला के व्यक्तित्व और कृतित्व को यथार्थ रूप से उजागर करने का सार्थक प्रयास किया है। विश्वास है कि यह पुस्तक युवाओं में चेतना व देश के लिए समर्पित होने की भावना का संचार करेगी।

पी. वी. नरसिंह राव, भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भारत गणतंत्र।

डॉ. टकनेत ने अपनी पुस्तक में मारवाड़ी समाज और ब्रजमोहन बिड़ला के राष्ट्र निर्माण के कार्यों में किए गए योगदान को संकलित करके एक सराहनीय प्रयास किया है।

चन्द्रशेखर, भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भारत गणतंत्र।

डॉ. टकनेत ने गहरे अध्ययन के आधार पर मारवाड़ी समाज और ब्रजमोहन बिड़ला की सेवाओं पर बड़ी रोचक शैली में प्रकाश डाला है।

अटल बिहारी वाजपेयी, भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भारत गणतंत्र।

श्री ब्रजमोहन बिड़ला ने औद्योगिक विकास को नई दिशा देकर देश की संस्कृति एवं टेक्नोलॉजी के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. टकनेत ने अपनी पुस्तक में देश के विकास में मारवाड़ी समाज एवं श्री ब्रजमोहन बिड़ला की भूमिका पर समुचित प्रकाश डाला है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

डॉ. राजा. जे. चलैय्या, राजकोषीय सलाहकार, राज्य मंत्री, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार।

डॉ. डी. के. टकनेत ने इस पुस्तक के माध्यम से इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, प्रबंध और हिंदी विषयों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।... अधिकांशतः व्यावसायिक जातियों और बड़े उद्योगपतियों पर लिखी गयी पुस्तकों में विश्वसनीयता या पाठकों को बांधे रखने की क्षमता का अभाव होता है, लेकिन डॉ. टकनेत ने अपनी इस कृति को सारगर्भित विषय–सामग्री, तथ्यों की गहरी छानबीन और विशद् अध्ययन द्वारा प्रामाणिक और सहज लेखन द्वारा पठनीय बना दिया है, जो पाठकों को प्रारंभ से अंत तक जोड़े रखती है। पुस्तक के महत्व को मद्देनजर रखते हुए इसका अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद होना चाहिए।

खुशवंत सिंह, वरिष्ठ पत्रकार, नई दिल्ली।

मारवाड़ी समाज के अध्ययन की शृंखला में लेखक की यह तीसरी पुस्तक है। श्री टकनेत ने इस सम्पन्न व्यवसायिक समाज की अनेक क्षेत्रों में जो देन हैं, उनका गंभीर अध्ययन किया है। उन्होंने सम्पन्नता के सकारात्मक पक्ष को इस प्रकार व्यक्ति के माध्यम से उजागर किया है।

विद्या निवास मिश्र, प्रधान सम्पादक, नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली।

नवयुवकों को प्रेरित करने के लिए ऐसी पुस्तकों का बहुत ही महत्त्व है। यहां अमेरिका जैसे देशों में तो ऐसी पुस्तकें बहुत सफल होती हैं...पुस्तक छपाई, भाषा तथा शैली की दृष्टि से भी बहुत श्रेष्ठ है।

प्रो. भूदेव शर्मा, प्रधान सम्पादक, विश्व विवेक, अमेरिका।

डॉ. टकनेत की पहली पुस्तक 'मारवाड़ी समाज' और बिड़ला परिवार के एक उद्यमी का यह जीवन चरित्र, मारवाड़ी उद्यमशीलता और देश के व्यापारिक औद्योगिक विकास में उनकी भूमिका को समझने में मदद करते हैं।

प्रभाष जोशी, पूर्व प्रधान सम्पादक, जनसत्ता, नई दिल्ली।

यह पुस्तक एक कर्मयोगी के अथक परिश्रम एवं संघर्ष का रोचक दस्तावेज ही नहीं...जीवन का सरस चित्रण भी है। अनेक रोचक प्रसंग...अंत तक पुस्तक को पठनीय बनाये रखते हैं...पुस्तक प्रेरणादायी ही नहीं, संग्रहणीय भी है।

शिवानी, सुप्रसिद्ध हिन्दी कथा लेखिका।

हमारे देश में व्यावसायिक जातियों और उनकी साहसिकता के संबंध में अभी तक बहुत कम शोध कार्य हुआ है। इस दिशा में डॉ. डी. के. टकनेत द्वारा लिखित यह शोध कृति विशेष महत्व रखती है। इसमें मारवाड़ी समाज की गौरवपूर्ण उपलब्धियों के साथ–साथ बी. एम. बिड़ला के व्यावहारिक अर्थशास्त्रीय चिंतन को एक साथ गूंथ कर ऐसी कृति तैयार की गई है जो औद्योगिक एवं साहित्यिक जगत को सदैव सौरभमयी करती रहेगी। आशा है इस शोध कार्य से प्रेरित होकर शोधवेत्ता व्यावसायिक साहसिकता पर और अधिक अध्ययन करने के लिए अभिप्रेरित होंगे।

प्रो. एम. एम. खुसरो, सम्पादक, फाइनेंशियल टाइम्स, नई दिल्ली।

यह पुस्तक सम्पूर्ण वैश्य समाज के गौरव का अनमोल दस्तावेज है। डॉ. टकनेत ने इस दिशा में जो कार्य किया है वह सराहनीय और अनुकरणीय है।

बनारसीदास गुप्त, पूर्व मुख्यमंत्री, हरियाणा।

यह कृति शोध अध्ययन होते हुए भी, 'अंदाजे बयां' के कारण अत्यन्त रोचक है और विद्वानों के लिए चुनौती है कि प्रामाणिक तथा शोधपरक कृतियाँ भी आम पाठक के लिए आकर्षक हो सकती हैं।...यह ऐसी पुस्तक है जिस पर हिन्दी जगत गर्व कर सकता है।

जयप्रकाश भारती, वरिष्ठ पत्रकार, दैनिक हिन्दुस्तान।

मेरा जो कुछ हिन्दी का ज्ञान है उसके आधार पर यह कह देना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जीवन–कथा के बारे में मैंने ऐसी पुस्तक नहीं पढ़ी है, जिसमें लिखने की शैली भी अनोखी है।

राधाकृष्ण बिरला, भूतपूर्व संसद सदस्य, नई दिल्ली।

यह ग्रंथ बिड़ला परिवार की श्रम–साधना एवं देशभक्ति की जानकारी से परिपूर्ण संदर्भ ग्रंथ है। इसे पढ़कर नयी पीढ़ी लगन, श्रम, देशभक्ति तथा मानवता की सच्ची सेवा का पाठ सीखकर प्रेरणा ग्रहण करेगी। पुस्तक अतुलनीय है।

डॉ. गिरिजाशंकर त्रिवेदी, संपादक नवनीत, नई दिल्ली।

आशियानों का सफरनामा

आईएसबीएन : 978–81–935143–0–6
प्रथम संस्करण : 2023
पृष्ठ संख्या : 151



मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं भोजन और कपड़े के बाद आवास ही सबसे महत्त्वपूर्ण है। आज समूचा विश्व इसकी कमी से जूझ रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सन् 1987 में आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्ष को अन्तरराष्ट्रीय आवास वर्ष के रूप में मनाया गया। हमारे देश में सन् 1992 में राष्ट्रीय आवास नीति को संसद द्वारा अनुमोदित किए जाने के बावजूद भी देश में आवास निर्माण के क्षेत्र में वांछित प्रगति नहीं हो पाई। हालांकि भारत सरकार के साथ कुछ राज्य सरकारें भी आवास उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयत्नशील रही हैं, लेकिन बढ़ती आबादी के अनुपात में उनके प्रयास भी लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहे।

संयुक्त राष्ट्र संघ व भारत सरकार के प्रयासों से पूर्व ही आवास के महत्त्व को समझते हुए राजस्थान सरकार ने जन–साधारण को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए सन् 1970 में ही राजस्थान आवासन मंडल की स्थापना कर दी थी। यह देश भर में पहला ऐसा अभूतपूर्व कदम था जिसकी चर्चा चारों तरफ हुई। आवासन मंडल ने कम समय में ही उल्लेखनीय प्रयास कर नई कॉलोनियां सृजित करते हुए आवास निर्माण कार्य को गतिशीलता प्रदान की। जयपुर में नाहरी का नाका आवासीय योजना से प्रारंभ हुई आवासन मंडल की यह यात्रा शीघ्र ही राज्य के सात शहरों में फैल गई। तदुपरान्त संपूर्ण राजस्थान में इसकी कई आवासीय योजनाएं विकसित हुईं, जिनका लाभ आमजन को मिला। मंडल की इस यात्रा के दौरान कई उतार–चढ़ाव भी आते रहे।

आज आवासन मंडल के गतिशील एवं कर्मठ नेतृत्व ने नई व अनूठी विपणन नीतियां बनाकर तथा मानवीय संसाधनों का समुचित उपयोग कर नए आयाम स्थापित किए हैं और पिछले चार वर्षों में राजस्थान आवासन मंडल को पुनर्जीवित कर दिया है। विभिन्न आय वर्गों के लिए अलग–अलग तरह की प्रतिष्ठित आवासीय एवं वाणिज्यिक योजनाएं देश में पहली बार प्रस्तुत की गई हैं। समयानुसार मंडल आज लीक से हटकर कई अनूठी योजनाओं को लेकर क्रियाशील है। जिनमें मुख्यतः देश का प्रथम कोचिंग हब, विधायक आवास परियोजना, सिटी पार्क, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, चौपाटियां एवं अन्य विभिन्न आवासीय योजनाएं शामिल हैं। मंडल की सफलता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि सन् 2018–19 में मंडल का टर्नओवर मात्र एक सौ अठारह करोड़ रुपए था, जो विगत चार वर्ष की अवधि में कई क्षेत्रों में किए गए नवाचारों के कारण नौ हजार दो सौ करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

राजस्थान आवासन मंडल द्वारा अपनी स्थापना से अब तक राज्य के सड़सठ शहरों व कस्बों में विभिन्न आय वर्गों हेतु दो लाख छप्पन हजार आठ सौ आवासीय इकाइयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आवासन मंडल की कार्य–संस्कृति, लोकप्रिय व जन–कल्याणकारी नीतियों, अनूठे नवाचारों, अनुपम स्थापत्य कला एवं समय से पूर्व श्रेष्ठ गुणवत्ता के साथ निर्माण के कारण कई स्थानीय व विदेशी संगठनों द्वारा मंडल की सफलता का अध्ययन किया जा रहा है। कई अन्य कीर्तिमानों के कारण राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा इसको समय–समय पर छियालीस से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

रेरा के प्रावधानों की सौ फीसदी पालना करने वाला यह देश का पहला संस्थान है। साथ ही देश की ख्यातनाम स्कॉच स्टेट ऑफ गवर्नेंस–2022 की रिपोर्ट के आधार पर आवासन मंडल देशभर में दूसरे साल भी पहला स्थान हासिल कर आज राष्ट्रीय स्तर पर रोल मॉडल बन गया है।

उल्लेखनीय समीक्षाएं व प्रतिक्रियाएं

विगत चार वर्षों में आवासन मंडल ने प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों का सामना करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठित आवासीय एवं वाणिज्यिक परियोजनाओं का शुभारम्भ किया, जो अपने आप में कीर्तिमान है। देश का प्रथम कोचिंग हब, विधायक आवास सिटी पार्क, राजस्थान कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, एआइएस रेजीडेंसी, एसएस रेजीडेंसी, चौपाटियां, मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवास तथा मुख्यमंत्री जन–आवास योजनाएं उल्लेखनीय हैं। राजस्थान आवासन मंडल का वर्ष 2018–19 में टर्न ओवर मात्र 110 करोड़ रुपए था, जो चार वर्षों में 9,200 करोड़ रुपए से अधिक हो गया। मंडल की लोकप्रिय जनकल्याणकारी नीतियों के कारण इसे समय–समय पर राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है। एक छोटी–सी शुरुआत से लेकर अब तक की इसकी यात्रा अनुकरणीय है। आशा है इस कॉफी टेबिल बुक के माध्यम से आवासन मंडल के गौरवमयी इतिहास और इसकी स्वर्णिम उपलब्धियों को जन–सामान्य के समक्ष प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करते हुए मंडल की योजनाओं की प्रगति को जन–जन तक पहुंचाया जा सकेगा।

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान आवासन मंडल ने आशियानों का सफरनामा नामक कॉफी टेबिल बुक का प्रकाशन किया है, जिसमें मंडल की विभिन्न गतिविधियों को चित्रात्मक एवं मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। आम लोगों के हितों को सर्वोपरि मानकर आवास उपलब्ध कराने व जनसेवा का जो कार्य राजस्थान आवासन मंडल द्वारा किया जा रहा है, वह एक सराहनीय पहल है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश

विगत कुछ वर्षों से राजस्थान आवासन मंडल ने अपनी अनूठी कार्य–संस्कृति के बलबूते पर प्रदेश में कई योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। इसके अतिरिक सामाजिक सरोकारों को भी मंडल द्वारा काफी महत्व दिया जा रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि राजस्थान आवासन मंडल की अविस्मरणीय सफलता पर आज केस स्टडी के रूप में निजी व राजकीय संस्थान अध्ययन कर रहे हैं। आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा और उनकी टीम बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने सुप्तप्रायः आवासन मंडल को पुनः सशक्त कर इसे सुदृढ़ कर दिया है। इस बहुरंगी कॉफी टेबिल बुक ने मंडल की स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास, गतिविधियों, उपलब्धियों दस्तावेजों तथा पुरस्कारों को सविस्तार, सुसज्जित, चित्रात्मक व मनभावन तरीके से दर्शित किया है।

शांति धारीवाल, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग मंत्री, राजस्थान

आज देश में कुछ सरकारी संस्थान अपने अनूठेपन व सामाजिक उपादेयता के लिए जनहित के उल्लेखनीय एवं बहुआयामी कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन पर लेखन के अभाव के कारण जनसामान्य उनकी उपलब्धियों से वाकिफ नहीं हो पाता है। इस आकर्षक चित्रात्मक पुस्तक में शोधपूर्ण अध्ययन तथा रोचक शैली द्वारा लेखक डॉ. डी. के. टकनेत ने राजस्थान आवासन मंडल के वर्तमान, अतीत व भविष्य के बहुआयामी योगदान पर सटीक दृष्टि डालते हुए यह प्रमाणित कर दिया है कि सरकारी मार्गदर्शन, सशक्त नेतृत्व टीम भावना, अनूठी कार्य–संस्कृति, मेहनत, साहस, नवाचार और मानव के प्रति गहरे लगाव से सरकारी उपक्रम निजी क्षेत्र की तुलना में भी बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं। इस पुस्तक का हिन्दी जगत में लिखी गई पुस्तकों में अपना अलग और विशिष्ट स्थान होगा। सारगर्भित सामग्री, विशद् अध्ययन, प्रामाणिक व सहज लेखन, सजीव रंगीन चित्रों तथा आकर्षक साज–सज्जा द्वारा यह पठनीय व रुचिप्रद बन गई है जो पाठकों को प्रारंभ से अंत तक जोड़े रखती है। यह प्रेरक, सराहनीय व अनुकरणीय है, जिसके महत्त्व को मद्देनजर रखते हुए इसका अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद होना चाहिए।

गिरधर झा, सम्पादक, आउटलुक मैगजीन

'आशियानों का सफरनामा' एक बेहतरीन कॉफी टेबिल बुक है। यह सिर्फ राजस्थान आवासन मंडल की उपलब्धियों का लेखा–जोखा नहीं है अपितु यह राजस्थान की एक अहम विकास–यात्रा है, जिसके गवाह हम सभी हैं। राजस्थान आवासन मडंल ने अपनी कार्यशैली में जिस तरह नवाचारों को शामिल किया, ग्राहकों में भरोसा पैदा किया वह प्रशंसा के योग्य है। इस कॉफी टेबिल बुक में सभी जरूरी तथ्यों को शामिल किया गया है। चित्रों, संस्मरणों और तथ्यों का यहां सही संयोजन किया गया है, जो प्रशंसनीय है।

नवनीत गुर्जर, राष्ट्रीय सम्पादक, दैनिक भास्कर

वीर बिड़द सिंह टकनेत
आजाद हिन्द फौज के पहले राजस्थानी सेनानी

आईएसबीएन : 978–93–340–0911–8
प्रथम संस्करण: 2024
पृष्ठ संख्या : 168



अमर शहीदों की वीरभूमि राजस्थान के साहसी, स्वाभिमानी, सुशासनप्रिय व रणबांकुरे योद्धा अपने बलिदान तथा क्षात्र धर्म के लिए संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध रहे हैं। उनकी गौरव गाथाएं अत्यंत लोमहर्षक एवं रोचक हैं। राजस्थान के अंचल शेखावाटी के पांच हजार वर्षों के इतिहास में महाराव शेखाजी व उनके वंशजों के राज्यारोहण तथा विजय अभियान अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। शताब्दियों से शेखावाटी शहीदों, सेनानियों व सेठों की धरा के रूप में पहचानी जाती रही है। यहां के रणबांकुरों का अदम्य साहस, वीरता तथा शौर्य अतुलनीय है। राजस्थान 'जुझार योद्धाओं' के लिए आरंभ से विश्वविख्यात है, जहां अनेक ऐसे वीर हुए हैं, जो मातृभूमि की रक्षार्थ शीश कटने के उपरान्त भी युद्धरत रहते थे। इतिहास में ऐसे विभिन्न मर्मस्पर्शी दृष्टांत प्राप्त होते हैं। शेखावाटी में ऐसे सेनानियों का आज भी बाहुल्य है, जिनके लिए मातृभूमि की रक्षार्थ प्राणों को न्यौछावर कर देना सच्ची वीरता एवं परम सौभाग्य का प्रतीक है, जिनका वर्णन प्रस्तुत कॉफी टेबिल बुक में किया गया है। शेखावाटी के प्रवर्तक एवं प्रथम पुरुष महाराव शेखाजी के सबसे ज्येष्ठ पुत्र दुर्गाजी थे, जिनके वंशज 'टकनेत' कहलाए। इनके सम्बन्ध में इतिहास में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है।

प्रस्तुत पुस्तक में टकनेतों के संबंध में दुर्लभ सामग्री पहली बार एक ही स्थान पर संगृहीत की गयी है। यही नहीं, शेखावाटी अंचल के कर्मवीर सेठों का साहस, व्यापारिक सूझबूझ तथा बुद्धि–चातुर्य से धन अर्जित करने और इन सबसे बढ़कर उपार्जित धन को देश व समाज हित में समुचित रूप में पुनः समर्पित करने के रोचक एवं तथ्यात्मक इतिहास को भी शब्दरूप में यहां प्रस्तुत करने का पूर्ण प्रयास किया गया है। यह सर्वविदित है कि शेखावाटी के उद्यमी आज देश की सीमाओं को लांघकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त और सर्वमान्य आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहे हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए निश्चित रूप से अत्यंत ही प्रेरणादायी तथा अनुकरणीय है।

राजपूताना राइफल्स से अपना सैन्य जीवन प्रारंभ करने वाले वीर बिड़द सिंह टकनेत आजाद हिन्द फौज में भर्ती होने वाले राजस्थान के पहले सेनानी थे। उनका अतुल्य साहस, घोर संघर्ष व बलिदान स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की एक विशिष्ट गाथा है। भारत माता को स्वतंत्र कराने की तीव्र इच्छा के कारण शेखावाटी के सैकड़ों सेनानियों को आजाद हिन्द फौज में भर्ती करवाकर सब–ऑफिसर बिड़द सिंह टकनेत ने अंग्रेजों के विरुद्ध बर्मा व निकटवर्ती अनेक मोर्चों पर लड़ाइयां लड़ीं तथा शत्रु को लगातार परास्त किया। न केवल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अपितु आजाद हिन्द फौज के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इनकी वीरता, युद्धनीति व मातृभूमि के लिए आहुति देने हेतु सदैव तत्पर रहने की प्रेरक भावना को हृदय से सराहा। जब फौज में धनाभाव हुआ तो स्वयं के व्यक्तिगत संबंधों के बल पर बर्मा के मारवाड़ियों से बड़ी धनराशि की व्यवस्था आजाद हिन्द फौज के लिए सहयोग के रूप में की। आजाद हिन्द फौज के इतिहास में यह योगदान एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में आज भी अंकित है।

बर्मा के अराकान, मांडले व पेमना मोर्चों पर अंग्रेजों के विरुद्ध एक माह तक लगातार लड़ते हुए सैनिकों, संसाधनों व युद्ध–सामग्री का अत्यधिक अभाव हो गया था, किन्तु वीर बिड़द सिंह अपनी देशभक्ति की भावना व उत्साह के बलबूते, मोर्चे पर अविचलित होकर डटे रहे। फौज के बचे हुए साथियों के साथ एक बार फिर से उन्होंने अंग्रेज शत्रुओं पर भयंकर आक्रमण किया, जिसमें अढ़ाई सौ से अधिक शत्रु सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। गोला–बारूद समाप्त होने के बाद अंततः वह राइफल की संगीन से अंग्रेजों का पेट चीरते हुए आगे बढ़ते चले गये। गोलियों ने इस दौरान वीर बिड़द सिंह को घायल कर दिया, किन्तु अपने अदम्य बल, वीरता, साहस, जुझारूपन तथा आत्मशक्ति के बल पर वह अंग्रेज सैनिकों के असले (शस्त्रागार) तक पहुंच गये। उन्हें एकाएक आया देखकर अंग्रेज सैनिक चौंक गये, जिससे अंग्रेज सैनिकों की छावनी में भगदड़ मच गयी। उसी क्षण उनके पीछे छिपे एक शत्रु सैनिक ने धोखे से उन पर वार कर उनका शीश धड़ से अलग कर दिया। तत्पश्चात् भी इस शूरवीर योद्धा का शीशविहीन धड़ हाथ में संगीन थामे शत्रुओं के लिए साक्षात् काल बनकर डटा हुआ था। उनके दूसरे हाथ में अंग्रेजों के असले से लिए बम थे, जो उन्होंने सामने रखे असले पर ही दे मारे।

भीषण धमाका हुआ तथा अढ़ाई सौ से अधिक अंग्रेज सैनिकों को काल की भेंट चढ़ा, वह मां भारती का लाल स्वयं भी मातृभूमि की गोद में चिरनिद्रा में सो गया। अपनी देशभक्ति, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कारण वीर सेनानी बिड़द सिंह टकनेत, आज भौगोलिक क्षेत्र तथा समाज की सीमाएं लांघकर भारत के लोगों के लिए पुरोधा बन गये हैं। ऐसे सत्पुरुषों का योगदान इतिहास की थाती बनकर जन–जन के लिए प्रेरणादायी हो गया है। यह कॉफी टेबिल बुक देश की स्वतंत्रता के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले एक शहीद की एकल गाथा ही नहीं है, अपितु मानवीय संवेदनाओं से ओत–प्रोत एक खोजपूर्ण एवं संग्रह योग्य ऐतिहासिक दस्तावेज भी है।

चांपावतों का इतिहास

प्रथम संस्करण : 2021
पृष्ठ संख्या : 521, रंगीन चित्र पृष्ठ : 49, श्वेत–श्याम चित्र पृष्ठ : 39



मारवाड़ में मुगल सत्ता के विरुद्ध यहां के शासकों द्वारा एक सशस्त्र अभियान चलाया गया। इतिहास साक्षी है कि इन युद्धों में चांपावत वीरों ने आत्मोत्सर्ग करते हुए अपनी परम देशभक्ति एवं स्वामिभक्ति का परिचय दिया। जब महाराजा अजितसिंह ने वयस्क होने पर दुर्गादास को मारवाड़ के प्रधान का पद देना चाहा तो दुर्गादास ने स्वयं के लिए स्वीकार न कर वह पद ठाकुर मुकुन्ददास चांपावत (पाली) को देने का आग्रह किया। इस प्रकार राठौड़ों द्वारा मारवाड़ की रक्षा तथा स्वतंत्रता के लिए किए गए युद्धों के इतिहास में चांपावत शाखा का इतिहास महत्त्वपूर्ण रहा है। चालीस अध्यायों में रचित यह पुस्तक एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज़ है। प्रत्येक अध्याय में चांपावत शाखा की उपशाखा पर सविस्तार प्रकाश डाला गया है। प्रशाखाओं के प्रवर्तक, उनके ठिकानों तथा ठिकानों के भाई–बेटों के क्रियाकलापों का भी रोचक वर्णन किया गया है। साथ ही शाखा प्रमुख राव चंपकराज से लेकर इस शाखा के घरानों की विभिन्न उपशाखाओं, प्रशाखाओं की ब्यौरेवार वंशावलियां, स्वयं उनके भाइयों की जागीरें तथा उनके पुत्र–पुत्रियों के विवाह आदि संबंधों पर भी समग्रता से विचार किया गया है।

यह पुस्तक चांपावतों की शाखाओं, उपशाखाओं, उनके संबंधियों के बारे में सविस्तार, सुव्यवस्थित एवं प्रामाणिक व विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध करवाती है। इसमें शूरवीर चांपावत राठौड़ों की कर्मठता, स्वामिभक्ति, मारवाड़ के प्रति प्रेम के साथ–साथ अपने वचन की रक्षा करने और आन–बान–शान के लिए मर मिटने के अनेकानेक प्रसंग मिलते हैं। इन वीर गाथाओं तथा चांपावतों के गौरवमयी इतिहास को एक पुस्तक में प्रस्तुत करना एक असाध्य कार्य है, जिसे लेखक ने अत्यंत ही सुंदर, सरल व चित्रात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का भगीरथ प्रयास किया है। इसमें पूर्वकालीन शासकों द्वारा जनहित में किए गए कार्यों आदि का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

ठाकुर मोहनसिंह जी कानोता द्वारा लिखित यह वृहद ग्रन्थ केवल राजपूत समाज के लिए ही नहीं अपितु इतिहास प्रेमियों के लिए भी धरोहर स्वरूप है। यह पुस्तक युवा पीढ़ी के लिए भी मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत है कि किस तरह से राजपूतों के छोटे बालकों, युवाओं तथा महिलाओं ने अपनी मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर इस धरा को पूजनीय बना दिया।

श्रीमद्गोविन्दगीता

आईएसबीएन : 978–81–929767–1–7
प्रथम संस्करण : 2021
पृष्ठ संख्या : पन्द्रह + 405 रंगीन चित्र पृष्ठ : पचपन



युद्ध क्षेत्र कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अर्जुन को दिए गए उपदेश, महाभारत के सबसे सुंदर और महत्त्वपूर्ण प्रवचन सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कर्मयोगी कृष्ण का निष्काम कर्म योग मनुष्य को निर्वाण का सहज सुगम मार्ग दिखाता है। शिक्षित समाज में गीता ज्ञान का गूढ़ार्थ एवं दर्शन समझने की क्षमता अधिक होने के कारण उसमें गीता पठन–पाठन का अधिक प्रचार है।

संस्कृत भाषा से अनभिज्ञ, हमारे बहुत से लोग गीता पाठ से वंचित रह जाते हैं।

इस असुविधा को लक्षित करके हमने निश्चय किया कि तुलसीकृत रामचरितमानस के अनुरूप हिन्दी गीता भी होनी चाहिए। यही असुविधा रामचरितमानस शैली में लिखी गयी इस गीतिका के लिए प्रेरणा देने का स्रोत बन गयी। इसमें भाषा–शैली और छन्दादि भी गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस के अनुरूप ही है, जिससे सर्वसाधारण के लिये इसका पाठ सुगम हो सके। यह सचित्र हिन्दी सरल भाषा टीका संग्रह अपने इस प्रयत्न में कितना सफल होगा, यह तो गीताप्रेमी ही बता सकेंगे।

Author

Dr D. K. Taknet is a distinguished business historian and writer. He was awarded doctorate on his first published research book. Later he has undertaken many analytical research studies of national importance and been awarded scholarships and fellowships by premier institutions such as the University Grants Commission, Indian Council of Social Sciences Research, New Delhi, and others. He is the author of numerous books. Selected, awarded and best-seller publications are: *Industrial Entrepreneurship of Shekhawati Marwaris, Marwari Samaj, Marwari Samaj aur Brajmohan Birla, BM Birla : A Great Visionary, The Heritage of Indian Tea, Jaipur : Gem of India, Oil : Lighting up Our Lives, The Marwari Heritage, An Illustrated History of Indian Business, Pune : A City of Many Shades and Colours, Rajasthan : A Land of Beauty and Bravery, Kalraj Mishra : Nimitta Matra Hoon Main, Ashiyanon ka Safarnama, Marwari Virasat* and *Veer Birad Singh : Azaad Hind Fauz Ke Pahle Rajasthani Senani.* Forewords of few of these publications were written by the than vice-presidents, prime ministers. The research content and lucid style have been appreciated by leading dignitaries, cabinet ministers, educationists, economists, sociologist, corporates, policy-makers and journalists. These publications have been widely reviewed, excerpted and serialised in daily newspapers which have been appreciated by the readers.

Enriched with over thirty years of research and teaching, his documentation of Indian industrialists and business houses has resulted from over a thousand interviews with eminent corporate executives and organisations. In addition, he writes extensively for the national and international print media. An avid traveller, he has participated in a wide range of international seminars, conferences, and teaching in the some of the global universities. He is also associated with several prestigious professional and social organisations as life member. Recipient of the President's Award, he is currently working on several research projects of national importance. He can be contacted at dktaknet01@gmail.com/ iime.jaipur@gmail.com.

About IIME

The International Institute of Management & Entrepreneurship (IIME), established in 1990 in Jaipur (India), is an autonomous, non-profit and multidisciplinary organisation. Active for 35 years, it was set up in accordance with the recommendations of the Radhakrishnan National Commission on Education, which emphasised the need to tap Rajasthan's rich entrepreneurial resources for the benefit of society through quality education, research and public welfare activities. IIME has been notified in the *Gazette of Rajasthan* and the *Gazette of India*. It is a Scientific and Industrial Research Organisation of the Ministry of Science and Technology, Government of India. Former Chief Justice of India and Chairman of the National Committee for Promotion of Social and Economic Welfare recommended to the Ministry of Finance, Government of India for the inclusion of this Institute in the *Gazette of India* in public interest. The Income Tax Department has also granted it a 80G certificate.

IIME is a premier research organisation which has conducted a number of research studies and publications in thrust areas of national importance. The emphasis is on problem-solving, action-oriented, collaborative applied research and multidisciplinary approach. Some of IIME's research publications are: *Pune: A City of Many Shades and Colours, An Illustrated History of Indian Business, The Colours of Rajasthan, The Marwari Heritage, Jaipur: Gem of India, The Heritage of Indian Tea, Diamond: Divine Gift of Nature, Oil: Lighting Up Our Lives, BM Birla: A Great Visionary, Industrial Entrepreneurship of Shekhawati Marwaris, Marwari Samaj, Marwari Samaj and Braj Mohan Birla, Shrimadgovindgeeta, RHB : Aashiano Ka Safarnama, Birad Singh : Azad Hind Fauz Me Pahle Rajasthani, IndianOil : The Energy of India, Kalraj Mishra: Nimit Matra Hu Main, Marwari Virasat, Rajasthan: The Land of Beauty and Bravery and Champawaton ka Itihas.* These have received widespread appreciation from academics in diverse disciplines and have been equally appreciated by reputed economists, planners, educationists, industrialists and journalists of India. Myriad elucidatory book reviews have appeared in various national dailies and magazines. Former Prime Ministers of India P.V. Narasimha Rao and Atal Bihari Vajpayee, have written forewords for some of these publications.

OUR SERVICES

Since 1990, IIME has earned the reputation of creating quality research, content and visuals. Our expertise lies-in conceptualisation, development and production of customised coffee table books that match global criteria. Our passion is to deliver a fine-fusion of content, design, and technology. Our art books are available in both print and digital bilingual (Hindi and English) formats. We have a team of highly skilled and meticulous editors, researchers, designers, artists, illustrators, photographers, and printers who can deliver printed coffee table art books, and brochures on a wide variety of subjects.

High-End Luxury Coffee Table Books for Individuals amd Corporates

IIME specialises in writing and designing masterfully crafted high quality custom-made, limited edition coffee table books to present your brand, work and passion. It has the privilege to document many rare, stunning coffee table art books for governmental and non-governmental organisations to showcase their portfolios. IIME consistently creates masterpieces.

Your Own Stories or Biographies

It is important to protect and conserve history. Material wealth is transient but the wisdom of ages is incalculable wealth that needs to be cherished. Biographies can be gifted and this legacy can be passed down to the present generation. Success stories of icons or inspiring family members need custom-made and well-crafted art books. The Institute can collaborate closely with you to transform your visions, thoughts and ideas into colourful art books which can be a priceless gift to younger generations and stakeholders to discover and cherish.

IIME
Gate No. 1, Birla Mandir
Jawaharlal Nehru Marg, Jaipur-302004
Mob : +91-9799398505, Tel : +91-141-2620111
Email : iime.jaipur@gmail.com
Website : *iimejaipur.org*